# इरेडा ने 'हितधारकों की बैठक' आयोजित की; आरई क्षेत्र के विकास के विषयों पर विचार-विमर्श




नई दिल्ली, 2 मई, 2022

नवीन पहलों, भविष्य की योजनाओं को शेयर करने और व्यावसायिक भागीदारों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए, स्टेकहोल्डर्स संवाद बैठक का 10वां संस्करण आज इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

'स्टेकहोल्डर्स की बैठक ' की अध्यक्षता इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने की । यह बैठक पहली व्यक्तिगत बैठक थी और आरई स्पेक्ट्रम – सोलर, विंड, हाइड्रो और बायो ऐनर्जी के क्षेत्र में व्यापार भागीदारों से उत्साही भागीदारी देखी गई। इस संवाद बैठक के दौरान, इरेडा के निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

हितधारकों की यह बैठक इरेडा की हाल की उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ शुरू हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हाल के वार्षिक लेखापरीक्षित परिणामों के ऐतिहासिक वार्षिक प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया तथा आरई विकास के लिए की गई प्रमुख पहल, पिछले संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों का निष्पादन और भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आरई क्षेत्रों के विकास के लिए भविष्य की योजनाएं शामिल हैं । बेहतर कॉरपोरेट गवर्नेंस की दिशा में एक कदम के रूप में, इरेडा ने आरबीआई के मानदंडों के अनुसार मूल्यांकन और समीक्षा समितियों का गठन किया है। इस चर्चा के बाद सीएमडी, निदेशक (तकनीकी) और इरेडा की टीम के साथ एक संवाद सत्र हुआ ।

अपने उद्घाटन संबोधन में, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि पिछली बैठकों के दौरान कई हितधारकों से प्राप्त निरंतर फीडबैक ने इरेडा को फेसलेस ऋण मंजूरी और संवितरण, ऋण मंजूरी में कमी, प्रलेखन और संवितरण सइकल और देश में बढ़ते भौगोलिक फूटप्रिंट और अन्य कारकों के बीच

'व्यापार करने में आसानी' के संदर्भ में उल्लेखनीय रूप से सुधार करने में मदद की । उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नियमित अंतराल पर ब्याज दरों की समीक्षा करने के अलावा, इरेडा ने आरई बाजार का दोहन करने के लिए कई नए वित्तीय उत्पाद और योजनाएं शुरू की है।

हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि "सभी हितधारक इरेडा के अब तक के सर्वश्रेष्ठ वार्षिक वित्तीय प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल हमारे ग्राहक हैं, बल्कि वे हमारे व्यावसायिक भागीदार भी हैं। जिसके परिणामस्वरूप, हम हितधारक के सुझावों और फीडबैक को महत्व देते हैं। मैं इस अवसर पर सभी हितधारकों को इरेडा के निरंतर विकास और सुचारू व्यवसाय संचालन को सुनिश्चित करने में उनके सक्रिय और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं”।

श्री दास ने आगे कहा, "यह बड़े हर्ष और खुशी कि बात है कि इरेडा ने कॉरपोरेट गवर्नेंस और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को कायम रखते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 634 करोड़ रुपये अब तक का सबसे अधिक कर के बाद लाभ (पीएटी) अर्जित किया है। इस वार्षिक लेखापरीक्षित परिणामों को अंतिम रूप देना केवल 30 दिनों की रिकॉर्ड अवधि में पूरा किया गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि इरेडा टीम के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होता।" उन्होंने दोहराया कि इरेडा भारत में अक्षय ऊर्जा के सबसे बड़े समर्पित ऋणदाता के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस संवाद के दौरान, अधिकांश व्यापारिक भागीदारों ने पिछले दो वर्षों में इरेडा द्वारा त्वरित ऋण प्रोसेसिंग करने को स्वीकार किया । आरई परियोजनाओं के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए इरेडा को सबसे पसंदीदा संस्था के रूप में व्यापार भागीदारों ने माना । कई हितधारकों ने नियमित अंतराल पर हितधारकों की बातचीत बैठक आयोजित करने के लिए इरेडा को अपना आभार व्यक्त किया, जिससे फलस्वरूप उन्हें इरेडा के वित्तीय उत्पादों, नीतियों और ऋण प्रक्रिया के बारे में अधिक स्पष्टता प्राप्त हुई है।

'स्टेकहोल्डर्स बैठक' के दौरान बिजनेस पार्टनर्स ने कई तरह के विचार और सुझाव दिए। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने प्रतिभागियों को उनके बहुमूल्य सुझावों को शेयर करने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि इरेडा द्वारा सुझावों पर उचित रूप से विचार किया जाएगा।

